नई राह खुली : पूराने वीडियो क्लिप से आवाज को दोबारा बनाया गया

# बीमारी ने छीन ली थी आवाज, एआइ ने 25 साल बाद लौटाई तो रो पड़ी महिला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** एक खतरनाक बीमारी से जूझ रही ब्रिटिश महिला, जिन्होंने 25 साल पहले अपनी बोलने की क्षमता खो दी थी, अब फिर से अपनी ही आवाज में बात कर पा रही हैं।

यह चमत्कार संभल हुआ है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की मदद से। सारा एजीकील को 34 साल की उम्र में पता चला कि उन्हें मोटोर न्यूरॉन बीमारी है जो धीरे-धीरे तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है। कई मरीज पूरी तरह बोलने की क्षमता खो देते हैं। आवाज खोने के बाद सारा कंप्यूटर और वॉइस-जेनरेटिंग तकनीक की मदद से बात करती थीं,



लेकिन यह उनकी असली आवाज जैसी बिल्कुल नहीं थी। उनके दोनों बच्चों ने कभी अपनी मां की असल आवाज को नहीं सुना था। हाल के वर्षों में एआइ तकनीक से लोगों की असल आवाज का डिजिटल वर्जन तैयार करना संभव हुआ है। लेकिन इसके लिए लंबी और साफ आवाज में रिकॉर्डिंग की जरूरत थी।

## 8 सेकेंड की पुरानी रिकॉर्डिंग से हुआ कमाल

**सारा** के पास 1990 के दशक का उनका एक छोटा और खराब क्वालिटी वाला क्लिप था। न्यूयॉर्क की कंपनी इलेवनलैब्स उनकी मदद के लिए आगे आई। उसने एआइ टूल से उस क्लिप से सारा की आवाज को अलग किया। फिर दूसरे टूल से उसकी कमियों को पूरा कर लगभग असली जैसी आवाज बनाई। अपनी इस आवाज को सुनकर सारा रो पड़ीं। उनकी नई आवाज में वही लंदन वाला लहजा और हल्की-सी जुबान की तुतलाहट भी थी, जिसे वह पहले नापसंद करती थीं।